# मैराथन विजेताओं को समान राशि

नई दिल्ली। मवाना शूगर इंडियन ओपन मैराथन का आयोजन 17 फरवरी को यहां किया जाएगा। इंडिया गेट से शुरू होकर यहीं पर समाप्त होने वाली इस दौड़ में 12 हजार धावकों के भाग लेने उम्मीद है। मवाना शूगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने बताया कि इस मैराथन के पुरुष व महिला दोनों वर्ग के विजेता को बराबर ढ़ाई-ढ़ाई लाख रुपए इनाम के तौर पर मिलेंगे, जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावक को एक-एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह शीर्ष 20 धावकों के लिए इनाम रखा गया है। इस प्रतियोगिता में हाफ मैराथन जीतने वाले पुरुष व महिला दोनों वर्गों को बराबर 70 हजार रुपए मिलेंगे। इसी तरह शीर्ष 30 स्थान पर आने वाले धावकों को इनाम दिया जाएगा।



ऊषा इंटरनेशनल के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा श्रीराम नई ट्रॉफी के साथ।

वेटरन वर्ग में पुरुषों (45 साल से ज्यादा) और महिलाओं (40 साल से ज्यादा) के विजेताओं को 20-20 हजार का इनाम दिया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले 11 फरवरी तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मैराथन में दिल्ली पुलिस, सेना, वायु सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के धावक भी भाग लेंगे।